# कैलिफ़ोर्निया कार्यक्रम स्थल अनुदान कार्यक्रम (CALIFORNIA VENUES GRANT PROGRAM)

यह कार्यक्रम कैलिफ़ोर्निया राज्य द्वारा वित्तपोषित है और CalOSBA द्वारा प्रशासित है।




# कार्यक्रम और आवेदन गाइड

(संशोधित 11.14.22)

# कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण

कैलिफ़ोर्निया स्थल अनुदान कार्यक्रम ("कार्यक्रम") **योग्य स्वतंत्र लाइव इवेंट स्थलों** के निरंतर संचालन का समर्थन करने के लिए जो COVID-19 से प्रभावित हुए हैं उनको समर्थन देगा।

अनुदान पुरस्कार

इस कार्यक्रम के तहत दिया जाने वाला अनुदान कैलिफ़ोर्निया में 2019 कर योग्य वर्ष के लिए **दो सौ पचास हज़ार डॉलर ($250,000) या आवेदक के सकल अर्जित राजस्व का 20 प्रतिशत (20%) के बराबर राशि में होगा।**

कार्यक्रम प्राथमिकता निर्धारण

प्राथमिकता का निर्धारण राज्य और संघीय समानता सुरक्षा कानूनों के अधीन अनुमत सीमा तक निम्नलिखित मानदंडों के आधार पर होगा:
पात्र स्वतंत्र लाइव कार्यक्रमों को अनुदान की प्राथमिकता, 2019 की त्रिमास 2, 3, एवं 4 में कैलिफ़ोर्निया के सकल अर्जित राजस्व और 2020 की त्रिमास 2, 3, एवं 4 में कैलिफ़ोर्निया के सकल अर्जित राजस्व के रिपोर्टिंग अवधियों की तुलना के आधार पर रिकॉर्ड किए गए सकल अर्जित राजस्व में गिरावट के अनुसार निर्धारित की जाएगी।

आवेदन प्रक्रिया

- पात्र स्वतंत्र लाइव कार्यक्रम आवेदक इस कार्यक्रम के तहत आवंटित अनुदान के लिए एक नया और अलग आवेदन पूरा करेंगे, भले ही उन्होंने कैलिफ़ोर्निया सरकार संहिता की धारा 12100.83 में स्थापित कैलिफ़ोर्निया लघु व्यवसाय COVID-19 राहत अनुदान कार्यक्रम (California Small Business COVID-19 Relief Grant Program) के लिए पहले ही कोई आवेदन दायर किया हो।

- यदि किसी पात्र स्वतंत्र लाइव कार्यक्रम को धारा 12100.83 में स्थापित कैलिफ़ोर्निया लघु व्यवसाय COVID-19 राहत अनुदान कार्यक्रम (California Small Business COVID-19 Relief Grant Program) के तहत अनुदान आवंटित किया गया है, तो उस अनुदान की राशि को इस कार्यक्रम के तहत प्रदान की गई अनुदान राशि से घटा दिया जाएगा। यदि कैलिफ़ोर्निया सरकार संहिता की धारा 12100.83 के तहत प्रदान की गई अनुदान राशि इस कार्यक्रम के तहत प्रदान की गई राशि से अधिक है, तो पात्र स्वतंत्र लाइव कार्यक्रम को इस कार्यक्रम के तहत अनुदान प्राप्त नहीं होगा और कोई राशि घटाई नहीं जाएगी।

*अगले पृष्ठ पर जारी।*

# परिभाषाएं: "*पात्र कार्यक्रम स्थल*"

इस कार्यक्रम के उद्देश्यों के लिए, "***पात्र कार्यक्रम स्थल***" का अर्थ निम्नलिखित विशेषताओं वाला कोई स्थल होगा:

1. प्रदर्शन और दर्शकों के लिए निर्धारित स्थान।

2. मिक्सिंग उपकरण, जन संबोधन साधन, और एक प्रकाश रिग।

3. निम्नलिखित भूमिकाओं में से कम से कम दो भूमिकाओं को पूरा करने के लिए एक या अधिक व्यक्तियों को नियुक्त करते हैं:
    - एक ध्वनि इंजीनियर।
    - एक बुकर।
    - एक आयोजक।
    - एक मंच प्रबंधक।
    - सुरक्षा कर्मी।
    - एक बॉक्स ऑफिस प्रबंधक।

4. आवेदक से जुड़ी तीन सबसे अधिक कमाई करने वाली संस्थाओं, स्थलों या फ्रेंचाइज़ में से एक है।

5. किसी गैर-लाभकारी संस्था द्वारा स्वामित्व या संचालित कार्यक्रम स्थल के लिए जो नि:शुल्क कार्यक्रम तैयार करता है, वे कार्यक्रम मुख्य रूप से वेतन-प्राप्त कर्मचारियों द्वारा तैयार और प्रबंधित किए जाने चाहिएँ, न कि स्वयंसेवकों द्वारा।

# परिभाषाएं: “*पात्र स्वतंत्र लाइव कार्यक्रम*”

इस कार्यक्रम के उद्देश्यों के लिए, “***पात्र स्वतंत्र लाइव कार्यक्रम***” का अर्थ है कोई संस्था जो निम्नलिखित सभी को शर्तों को पूरा करती है:

1. एक एकल स्वत्वधारी, C-कॉर्पोरेशन, S-कॉर्पोरेशन, सहकारी, सीमित देयता कंपनी, साझेदारी, सीमित साझेदारी, या एक पंजीकृत 501 (c)(3) गैर-लाभकारी संस्था है जो कैलिफ़ोर्निया सरकार संहिता की धारा 12100.82 के उपखंड (g) के पैराग्राफ (1) सहित उप-अनुच्छेद (B) से (F) में परिभाषित मानदंडों को पूरा करते हैं।

2. निम्नलिखित उत्तर अमेरिकी उद्योग वर्गीकरण प्रणाली (North American Industry Classification System - NAICS) या छूट-प्राप्त इकाइयों के राष्ट्रीय वर्गीकरण (National Taxonomy of Exempt Entities - NTEE) संहिता में से किसी में शामिल है, सहित:
   - 512131 - मोशन पिक्चर थिएटर (ड्राइव-इन को छोड़कर)।
   - 512132 - ड्राइव-इन मोशन पिक्चर थिएटर।
     - जो संस्था इस खंड के तहत अर्हता प्राप्त करती है, वह एक प्रामाणिक ड्राइव-इन मोशन पिक्चर थियेटर होगी। इस खंड के उद्देश्यों के लिए, "प्रामाणिक ड्राइव-इन मोशन पिक्चर थियेटर" का अर्थ है स्थायी रूप से निर्मित व्यावसायिक मोशन पिक्चर ड्राइव-इन थिएटर, जिसका मुख्य उद्देश्य पेशेवर डिजिटल सिनेमा पहल (Digital Cinema Initiatives - DCI) के अनुरूप डिजिटल प्रोजेक्टर या 35 मि.मी. या 70 मि.मी. फिल्म प्रोजेक्टर का उपयोग करते हुए, वाहनों में बैठे दर्शकों के लिए मोशन पिक्चर्स की आउटडोर प्रदर्शनी करना है।
   - 7111 – प्रस्तुति कला कंपनियाँ।
   - 711110 - थिएटर कंपनियां और डिनर थिएटर
   - 711120 – नृत्य कंपनियाँ।
   - 711130 – संगीत समूह और कलाकार।
   - 711211 - खेल टीम और क्लब।

*अगले पृष्ठ पर जारी।*

# परिभाषाएं: “*पात्र स्वतंत्र लाइव कार्यक्रम*”

- 7113 - प्रस्तुति कला, खेल और इसी प्रकार के कार्यक्रमों के आयोजक।
- 711310 - प्रस्तुति कला, खेल और इसी प्रकार के कार्यक्रमों के सुविधाओं वाले आयोजक।
- 711320 - प्रस्तुति कला, खेल और इसी प्रकार के कार्यक्रमों के बिना सुविधाओं वाले आयोजक।
- 7139 - अन्य मनोविनोद और मनोरंजन उद्योग।
- 713990 - अन्य सभी मनोविनोद और मनोरंजन।
- 722410 - पीने के स्थान (मादक पेय)।
- 722511 - पूर्ण-सेवा रेस्तरां।

- A20 - कला, सांस्कृतिक संगठन - बहुउद्देशीय।
- A23 - सांस्कृतिक, जातीय जागरूकता।
- A25 - कला शिक्षा।
- A50 - संग्रहालय।
- A54 - इतिहास संग्रहालय।
- A56 - प्राकृतिक इतिहास, प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय।
- A60 - प्रस्तुति कला संगठन।
- A61 – प्रस्तुति कला केंद्र।
- A62 - नृत्य।
- A63 - बैले।
- A65 - थिएटर।
- A68 - संगीत।
- A69 - सिम्फनी ऑर्केस्ट्रा।
- A6A - ओपेरा (गीतिनाट्य)।
- A6B - गायन, कोरल।
- A6C - संगीत समूह, बैंड, संगीत कलाकार दल।
- A90 - कला सेवा संगठन और गतिविधियाँ।

*अगले पृष्ठ पर जारी।*

# परिभाषाएं: "*पात्र स्वतंत्र लाइव कार्यक्रम*"

3. निम्नलिखित में से कोई है:
   - कोई व्यक्ति या संस्था जो निम्नलिखित दोनों मानदंडों को पूरा करते हैं:
     - एक योग्य कार्यक्रम स्थल पर एक प्रमुख व्यावसायिक गतिविधि के रूप में, प्रदर्शनकारी कलाकारों द्वारा लाइव कॉन्सर्ट, कॉमेडी शो, नाट्य प्रस्तुतियों, या अन्य कार्यक्रमों का आयोजन, प्रचार, उत्पादन, प्रबंधन, या मेजबानी करते हैं, जहाँ निम्नलिखित दोनों होते हैं: (क) एक कवर चार्ज के माध्यम से टिकट या प्रवेश द्वार शुल्क लगाया जाता है; और (ख) कलाकारों को भुगतान किया जाता है।
     - व्यक्ति या संस्था के अर्जित राजस्व का कम से कम 70 प्रतिशत कवर शुल्क या टिकट बिक्री, उत्पादन शुल्क या उत्पादन प्रतिपूर्ति, या कार्यक्रम में पेय पदार्थ, भोजन या माल की बिक्री के माध्यम से उत्पन्न होता है।
   - कोई व्यक्ति या संस्था, जो प्रमुख व्यावसायिक गतिविधि के रूप में, कार्यक्रम की तिथि से कम से कम 30 दिन पहले जनता द्वारा खरीद के लिए कार्यक्रम के लिए टिकट उपलब्ध करे, जो निम्नलिखित दोनों शर्तों को पूरा करे:
     - एक योग्य कार्यक्रम स्थल पर एक प्रमुख व्यावसायिक गतिविधि के रूप में, प्रदर्शनकारी कलाकारों द्वारा लाइव कॉन्सर्ट, कॉमेडी शो, नाट्य प्रस्तुतियों, या अन्य कार्यक्रमों का आयोजन, प्रचार, उत्पादन, प्रबंधन, या मेजबानी करते हैं, जहाँ निम्नलिखित दोनों होते हैं: (क) एक कवर चार्ज के माध्यम से टिकट या प्रवेश द्वार शुल्क लगाया जाता है; और (ख) कलाकारों को भुगतान किया जाता है।
     - कलाकारों को ऐसी राशि का भुगतान किया जाता है जो बिक्री के प्रतिशत, लिखित गारंटी या मानक अनुबंध, या अन्य पारस्परिक रूप से लाभकारी औपचारिक समझौते पर आधारित हो।
   - कोई व्यक्ति या संस्था जो निम्नलिखित दोनों मानदंडों को पूरा करते हैं:
     - एक योग्य कार्यक्रम स्थल पर एक प्रमुख व्यावसायिक गतिविधि के रूप में, लाइव खेल कार्यक्रमों का आयोजन, प्रचार, उत्पादन, प्रबंधन, या मेजबानी करते हैं, जहाँ निम्नलिखित दोनों होते हैं: (क) एक कवर चार्ज के माध्यम से टिकट या प्रवेश द्वार शुल्क लगाया जाता है; और (ख) कलाकारों को भुगतान किया जाता है।
     - व्यक्ति या संस्था के अर्जित राजस्व का कम से कम 70 प्रतिशत कवर शुल्क या टिकट बिक्री, उत्पादन शुल्क या उत्पादन प्रतिपूर्ति, या कार्यक्रम में पेय पदार्थ, भोजन या माल की बिक्री के माध्यम से उत्पन्न होता है।
     - व्यक्ति या इकाई एक मेजर लीग या पेशेवर खेल टीम या क्लब नहीं है, और एक मेजर लीग या पेशेवर खेल टीम या क्लब के स्वामित्व में नहीं है।

# अपात्र व्यवसाय

पिछले तीन पृष्ठों के बावजूद, "***पात्र स्वतंत्र लाइव कार्यक्रम***" में निम्नलिखित शर्तों को पूरा करने वाली संस्थाएँ **शामिल नहीं होंगी** :

- ऐसी संस्था जिसके शेयर, शेयर बाजार में सार्वजनिक तौर पर उपलब्ध हैं, या जो किसी ऐसी संस्था के स्वामित्व और नियंत्रण में है जिसके शेयर, शेयर बाजार में सार्वजनिक तौर पर उपलब्ध हैं।
- पाँच से अधिक राज्यों में या किसी अन्य देश में संस्थाओं का स्वामित्व या संचालन करता है, या किसी ऐसी संस्था के स्वामित्व में है जो पाँच से अधिक राज्यों या किसी अन्य देश में संस्थाओं का स्वामित्व या संचालन करती है।
- अपने सकल अर्जित राजस्व का 75 प्रतिशत से कम भाग कैलिफ़ोर्निया में उत्पन्न करता है।
- 2019 की त्रिमास 2, 3, एवं 4 की तुलना में, 2020 की त्रिमास 2, 3, एवं 4 में रिपोर्टिंग अवधियों की तुलना के आधार पर कैलिफ़ोर्निया के सकल अर्जित राजस्व में 30 प्रतिशत से कम की गिरावट प्रदर्शित करता है।
- ऐसे व्यवसाय जिनकी राज्य में भौतिक उपस्थिति नहीं है और राज्य में मुख्यालय नहीं है।
- मुख्य रूप से राजनीतिक या पक्षजुटाव (लॉबीइंग) की गतिविधियों में जुटे हुए व्यवसाय, इसके बावजूद कि संस्था 501(c)(3), 501(c)(6), या 501(c)(19) के रूप में पंजीकृत है।
- निष्क्रिय व्यवसाय, निवेश कंपनियाँ और ऐसे निवेशक जो अपने कर रिटर्न पर शेड्यूल E दायर करते हैं।
- वित्तीय संस्थान या व्यवसाय जो मुख्य रूप से ऋण देने के व्यवसाय में जुटे हुए हों, जैसे बैंक, वित्त कंपनियाँ, और फैक्टरिंग (लेनदारी लेखा क्रय सेवा) कंपनियाँ।
- ऐसी किसी भी गतिविधि में जुटे व्यवसाय जो संघीय, राज्य या स्थानीय कानून के तहत गैरकानूनी है।

*अगले पृष्ठ पर जारी।*

# अपात्र व्यवसाय

- ऐसे व्यवसाय जो क्षमता के अतिरिक्त किसी अन्य कारण से ग्राहकों को प्रतिबंधित करते हैं।

- सट्टा व्यवसाय।

- ऐसे व्यवसाय जिनके किसी भी स्वामी के पास 10 प्रतिशत से अधिक सामान्य शेयर हों जो निम्नलिखित मानदंडों में से एक या अधिक को पूरा करता हो:
  i. स्वामी को, पिछले तीन वर्षों के भीतर, किसी संघीय, राज्य, या स्थानीय सार्वजनिक लेन-देन या सार्वजनिक लेन-देन के तहत अनुबंध प्राप्त करने, प्राप्त करने का प्रयास करने, या निष्पादित करने, संघीय या राज्य एकाधिकार-विरोधी या अधिप्राप्ति कानूनों का उल्लंघन करने या गबन, चोरी, जालसाजी, रिश्वतखोरी, मिथ्याकरण या अभिलेखों को नष्ट करने की गतिविधि करने, झूठा बयान देने, या चोरी की संपत्ति प्राप्त करने, के संबंध में धोखाधड़ी या दंडनीय अपराध करने के लिए दोषी ठहराया गया है या दीवानी अदालत में उसके विरुद्ध निर्णय दिया गया है, या जिसने किसी भी प्रकार की पैरोल या परिवीक्षा का आरंभ किया है, जिसमें निर्णय से पहले परिवीक्षा शामिल है।
  ii. स्वामी खंड (i) में वर्णित कोई भी अपराध करने के लिए संघीय, राज्य, या स्थानीय सरकारी इकाई द्वारा आपराधिक या दीवानी रूप से दोषी या अन्यथा आरोपित है।

- संबद्ध कंपनियाँ, जैसा कि संघीय विनियम संहिता के टाइटल 13 की धारा 121.103 में परिभाषित है।

- लघु व्यवसाय अभिवक्ता के कैलिफ़ोर्निया कार्यालय (California Office of the Small Business Advocate (CalOSBA) द्वारा निर्धारित अन्य व्यवसाय, जैसा कि COVID-19 राहत अनुदान कार्यक्रम के पिछले दौर में निर्धारित सीमाओं और अपवादों के अनुरूप हो।

# निधियों का पात्र उपयोग

इस खंड के तहत प्रदान की गई अनुदान राशि का उपयोग केवल COVID-19 महामारी और संबंधित स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रतिबंधों के परिणामस्वरूप होने वाली लागतों, या COVID-19 महामारी के परिणामस्वरूप व्यवसाय में रुकावटों या बंद होने के लिए किया जाएगा, जिसमें निम्नलिखित शामिल हैं:

- कर्मचारी व्यय, जिसमें वेतन-चिट्ठा लागत, स्वास्थ्य देखभाल लाभ, भुगतान किए गए बीमारी, चिकित्सा, या पारिवारिक अवकाश, और बीमा प्रीमियम शामिल हैं।

- कार्यशील पूंजी और अधिव्यय, जिसमें किराया, उपयोगिताओं, बंधक मूलधन और ब्याज भुगतान शामिल है, लेकिन मार्च 1, 2020 से पहले किए गए मूलधन और ब्याज सहित बंधक पूर्व-भुगतान और ऋण दायित्वों को छोड़कर।

- राज्य द्वारा अनिवार्य COVID-19 स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रतिबंधों और व्यावसायिक बंदी के कारण पूर्ण या आंशिक रूप से बंद होने के बाद व्यवसाय संचालनों को दोबारा खोलने से जुड़ी लागतें।

- आवश्यक सुरक्षा प्रोटोकॉल के साथ दोबारा खोलने के लिए COVID-19 संघीय, राज्य या स्थानीय दिशानिर्देशों के अनुपालन से जुड़ी लागतें, जिसमें उपकरण, प्लेक्सीग्लास बैरियर, आउटडोर डाइनिंग, व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (PPE) की आपूर्ति, परीक्षण और कर्मचारी प्रशिक्षण व्यय शामिल हैं, लेकिन इन तक सीमित नहीं है।

- कोई अन्य COVID-19-संबंधित लागतें जो पहले से ही अनुदान, क्षम्य ऋण, या संघीय, राज्य, काउंटी, या नगर कार्यक्रमों द्वारा अन्य राहत के माध्यम से कवर नहीं किए गए हैं।

- कोई अन्य COVID-19 संबंधित लागतें जो Medicaid के राज्य भाग हेतु मानव संसाधन लागतें, कर्मचारी बोनस, विच्छेद वेतन, कर, कानूनी निपटान, व्यक्तिगत व्यय, या अन्य व्यय जो COVID-19 के प्रभावों से संबंधित नहीं हैं, बीमा द्वारा पहले से ही कवर किए गए नुकसान की मरम्मत, या दान की गई वस्तुओं या सेवाओं के लिए दान दाताओं को प्रतिपूर्ति नहीं हैं।

# आवश्यक दस्तावेज़

निम्नलिखित सभी दस्तावेज़ आवश्यक हैं और उन्हें पोर्टल पर अपलोड किया जाना चाहिए:

1. **आवेदक प्रमाणन (PDF)**
   वेब आवेदन और सहायक दस्तावेजों में आपके द्वारा प्रदान की गई जानकारी की सत्यता और सटीकता को स्व-प्रमाणित करने के लिए पूर्ण और हस्ताक्षरित किया गया।

2. **व्यावसायिक वित्तीय विवरण (PDF)**
   - व्यवसाय के 2019 संघीय कर रिटर्न के सभी पृष्ठ
   - व्यवसाय के 2019 कैलिफ़ोर्निया कर रिटर्न के सभी पृष्ठ
   - व्यवसाय के 2020 संघीय कर रिटर्न के सभी पृष्ठ
   - व्यवसाय के 2020 कैलिफ़ोर्निया कर रिटर्न के सभी पृष्ठ

3. **सरकार द्वारा जारी पहचान-पत्र (PDF या JPEG)**
   चालक का लाइसेंस या पासपोर्ट (समय सीमा समाप्त पहचान-पत्र स्वीकार नहीं किए जाएँगे)

4. **अंतरिम वित्तीय विवरण (PDF)**
   - 2019 के लिए त्रिमास 2, 3 एवं 4 को कवर करने वाला अंतरिम वित्तीय विवरण
   - 2020 के लिए त्रिमास 2, 3 एवं 4 को कवर करने वाला अंतरिम वित्तीय विवरण

5. आपके व्यवसाय के लिए **कैलिफ़ोर्निया के राज्य सचिव (California Secretary of State)** (जो सक्रिय होना चाहिए) या स्थानीय नगर पालिका के साथ आधिकारिक फाइलिंग, जैसा लागू हो, जैसे कि निम्नलिखित में से कोई एक **(PDF)**:
   - संस्थापन का प्रलेखन
   - संगठन का प्रमाण-पत्र
   - पंजीकरण का काल्पनिक नाम
   - सरकार द्वारा जारी व्यापार लाइसेंस (काल्पनिक नाम के बिना एकल स्वामी)

6. **केवल गैर-लाभकारी संस्थाएँ: सबसे हाल का IRS कर छूट पत्र (PDF)**

7. **ध्यान दें: कैलिफ़ोर्निया के राज्य सचिव को फाइलिंग प्रदान करना आवश्यक है जो इस बात का प्रमाण दे कि व्यवसाय जून 1, 2019 से पहले कैलिफ़ोर्निया राज्य में कानूनी रूप से व्यवसाय कर रहा था।**



# आवेदक प्रमाणन को कैसे पूर्ण करें

# आवेदक प्रमाणन

आवेदन प्रक्रिया के भाग के रूप में, वेब आवेदन और सहायक दस्तावेजों में आपके द्वारा प्रदान की गई जानकारी की सत्यता और सटीकता को स्व-प्रमाणित करने के लिए आपको एक आवेदक प्रमाणन पर हस्ताक्षर करना होगा।

आवेदक प्रमाणन आपके लिए डाउनलोड करने और पूर्ण करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक रूप में उपलब्ध होगा। एक हस्ताक्षरित आवेदक प्रमाणन इस अनुदान प्रक्रिया के लिए एक आवश्यक दस्तावेज है और इसे PDF फाइल के रूप में पोर्टल पर अपलोड करने की आवश्यकता होगी।


आप आवेदक प्रमाणन को दो तरीकों से पूर्ण कर सकते हैं:


1. प्रमाणीकरण को डाउनलोड करके इलेक्ट्रॉनिक रूप से हस्ताक्षरित कर सकते हैं या
2. फॉर्म को दस्ती रूप से प्रिंट करके पूर्ण कर सकते हैं।

# अपने आवेदक प्रमाणन को इलेक्ट्रॉनिक रूप से कैसे पूर्ण करें

## चरण 1

आवेदक प्रमाणन को अपने डिवाइस को डाउनलोड करने और सहेजने के लिए डाउनलोड ⭳ आइकन पर क्लिक करें।






## चरण 2

अपने डिवाइस पर आवेदक प्रमाणन ढूंढें और वहाँ से फ़ाइल खोलें। आपका आवेदक प्रमाणन एक PDF फाइल के रूप में खुलेगा।




## चरण 3

सभी क्रमांकित मदों के आगे अपने आद्याक्षर दर्ज करके और इसके बाद अंतिम पृष्ठ पर अपने हस्ताक्षर और व्यावसायिक जानकारी दर्ज करके आवेदक प्रमाणन को पूर्ण करें।



## चरण 4

आवेदक प्रमाणन पूरा करने के बाद, अपने पूरी तरह से निष्पादित आवेदक प्रमाणन को सहेजने के लिए फ़ाइल > सहेजें या अपने कीबोर्ड पर CTRL+S दबाकर इसे फिर से सहेजें।


## चरण 5:

आवेदन प्रक्रिया के दौरान पोर्टल में PDF फाइल के रूप में पूर्ण आवेदक प्रमाणन को अपलोड करें।

# अपने आवेदक प्रमाणन को हाथ से कैसे पूर्ण करें

## चरण 1

प्रिंटर आइकन पर क्लिक करके आवेदक प्रमाणन को प्रिंट करें।




## चरण 2

एक गहरे रंग की कलम और साफ लिखावट का उपयोग करके आवेदक प्रमाणन को भरें।

## चरण 3

आवेदक प्रमाणन पूरा करने के बाद, अपने पूरी तरह से निष्पादित आवेदक प्रमाणन को सहेजने के लिए फ़ाइल > सहेजें या अपने कीबोर्ड पर CTRL+S दबाकर इसे फिर से सहेजें।

## चरण 5:

आवेदन प्रक्रिया के दौरान पोर्टल में PDF फाइल के रूप में पूर्ण आवेदक प्रमाणन को अपलोड करें।



# आवश्यक दस्तावेज़ीकरण के उदाहरण

# उदाहरण: संघीय टैक्स रिटर्न

## लाभकारी व्यवसायों के लिए


फ़ॉर्म 1120



फ़ॉर्म 1065




फ़ॉर्म 1040




2019


फ़ॉर्म 1120



फ़ॉर्म 1065




फ़ॉर्म 1040




2020

## गैर-लाभकारी संस्थाएं



2019




2020


# उदाहरण: कैलिफ़ोर्निया कर रिटर्न

## लाभकारी व्यवसायों के लिए


फ़ॉर्म 100



फ़ॉर्म 565




फ़ॉर्म 540




2019


फ़ॉर्म 100



फ़ॉर्म 565




फ़ॉर्म 540



2020

## गैर-लाभकारी संस्थाएं


फ़ॉर्म 199




RRF-1





CT-TR-1



2019







# उदाहरण: सरकार द्वारा जारी फोटो पहचान पत्र

## सरकार द्वारा जारी स्वीकार्य पहचान-पत्र



यूनाइटेड स्टेट्स पासपोर्ट





ड्राइवर लाइसेंस

आईडी के निम्नलिखित रूप **नहीं** स्वीकार किए जाएंगे:

- समय सीमा समाप्त पहचान-पत्र
- बस पास
- स्कूल पहचान-पत्र
- यूनियन पहचान-पत्र
- नौकरी बैज
- पुस्तकालय कार्ड

# उदाहरण: कैलिफ़ोर्निया राज्य सचिव (California Secretary of State) या स्थानीय नगर पालिका के साथ आधिकारिक फाइलिंग

## संस्थापन का प्रलेखन



3767456

FILED
Secretary of State
State of California
MAR 1 6 2015

ARTICLES OF INCORPORATION
OF
MIDDLE TREE INCORPORATED

ARTICLE I

The name of this corporation is Middle Tree Incorporated ("Corporation").

ARTICLE II

A. This Corporation is a nonprofit public benefit corporation and is not organized for the private gain of any person. It is organized under the Nonprofit Public Benefit Corporation Law for public and charitable purposes. The specific purpose of this Corporation is to manage, operate, guide, direct and promote the Corporation.

B. This Corporation is organized and operated exclusively for educational and charitable purposes pursuant to and within the meaning of Section 501(c)(3) of the Internal Revenue Code of 1986, as amended (the "Code" or "I.R.C."), or the corresponding provision of any future United States Internal Revenue law. Notwithstanding any other provision of these articles, the Corporation shall not, except to an insubstantial degree, engage in other activities or exercise of power that do not further the purpose of the Corporation. The Corporation shall not carry on any or other activities not permitted to be carried on by: (i) a corporation exempt from federal income tax under Section 501(c)(3) of the Code, or the corresponding section of any future federal tax code; or (ii) by a corporation, contributions of which are deductible under Section 170(c)(2) of the Code, or the corresponding section of any future federal tax code.

ARTICLE III

The name and address in the State of California of this Corporation's initial agent for service of process is: Registered Agents Inc.

ARTICLE IV

The initial street address of the corporation is:

Middle Tree
522 S. Indian Hill Blvd #205
Claremont, CA
91711

The initial mailing address of the corporation is:

ARTICLES OF INCORPORATION — PAGE 1 OF 3
MIDDLE TREE INCORPORATED

## पंजीकरण का काल्पनिक नाम



State of California
Bill Jones
Secretary of State

LIMITED LIABILITY COMPANY
ARTICLES OF ORGANIZATION

A $70.00 filing fee must accompany this form.
IMPORTANT – Read instructions before completing this form.

200224710133

FILED
In the Office of the Secretary of State of the State of California
AUG 2 8 2002
BILL JONES, Secretary of State

This Space For Filing Use Only

1. Name of the limited liability company (end the name with the words "Limited Liability Company," "Ltd. Liability Co.," or the abbreviations "LLC" or "L.L.C.")
Keystone NPS LLC

2. The purpose of the limited liability company is to engage in any lawful act or activity for which a limited liability company may be organized under the Beverly-Killea limited liability company act.

3. Name the agent for service of process and check the appropriate provision below:
National Registered Agents, Inc. which is
[ ] an individual residing in California. Proceed to item 4.
[X] a corporation which has filed a certificate pursuant to section 1505. Proceed to item 5.

4. If an individual, California address of the agent for service of process:
Address:
City: State: CA Zip Code:

5. The limited liability company will be managed by: **(check one)**
[ ] one manager [ ] more than one manager [X] single member limited liability company [ ] all limited liability company members

6. Other matters to be included in this certificate may be set forth on separate attached pages and are made a part of this certificate. Other matters may include the latest date on which the limited liability company is to dissolve.

7. Number of pages attached, if any: 0

8. Type of business of the limited liability company. (For informational purposes only)
treatment centers and services for at-risk youth

9. **DECLARATION:** It is hereby declared that I am the person who executed this instrument, which execution is my act and deed.

Signature of Organizer — Andrea C. Barach, Type or Print Name of Organizer

August 27, 2002
Date


10. RETURN TO:
NAME
FIRM
ADDRESS
CITY/STATE
ZIP CODE

SEC/STATE (REV. 12/99) — FORM LLC-1 – FILING FEE $70.00
Approved by Secretary of State

*अगले पृष्ठ पर जारी।*

# उदाहरण: कैलिफ़ोर्निया राज्य सचिव (California Secretary of State) या स्थानीय नगर पालिका के साथ आधिकारिक फाइलिंग

## संगठन का प्रमाण-पत्र



THIS STATEMENT IS A PUBLIC RECORD

FILING STAMP ONLY

San Francisco County Clerk
City Hall, Room 168
San Francisco, CA 94102-4678
www.sfgov.org/countyclerk

Any alterations, deletions, or other format to this two-page form will not be accepted for filing by the Office of the SF County Clerk.

FILING FEE:

**FICTITIOUS BUSINESS NAME STATEMENT**

1. Fictitious Business Name(s):

2. Street Address, City, State and Zip code of Principal Place of Business (P.O. Box NOT allowed)

3. Full name of registrant #1 (If Corporation or Limited Liability Company, also indicate State of incorporation or organization, e.g. (CA), (DE), etc)

Residence Address (P.O. Box NOT allowed)

City, State and Zip Code

4. The business is conducted by: ☐ an individual ☐ a general partnership ☐ a corporation ☐ a limited partnership ☐ an unincorporated association other than a partnership ☐ a trust ☐ co-partners ☐ a married couple ☐ joint venture ☐ a limited liability company ☐ state or local registered domestic partners ☐ a limited liability partnership

5. The registrant commenced to transact business under the fictitious business name or names listed above on:

6. I declare that all information in this statement is true and correct.

If registrant other than Corp. or LLC, sign below

Signed

Printed Name

If registrant is a Corporation or Limited Liability Company, sign below

Corporation or LLC Name:

Signature:


Printed Name & Title

CERTIFICATION

By ______________, Deputy County Clerk

## सरकार द्वारा जारी व्यावसायिक लाइसेंस

केवल एकल स्वामित्वों के लिए



CITY OF LONG BEACH, CALIFORNIA
BUSINESS LICENSE
OWNERSHIP NON-TRANSFERABLE

PREPARED: 11/06/2018
P120

THE LICENSEE NAMED BELOW IS AUTHORIZED TO OPERATE THE FOLLOWING:


**ACCOUNT NUMBER:**
**BUSINESS TYPE:** BUSINESS OFFICE
**OWNER:** ACTION INVESTIGATORS
**DBA NAME:** ACTION AUTO RECOVERY
**PRODUCT:** BUSINESS
**LOCATED AT:** 3860 CHERRY AVE

AUTHORIZED BY: JOHN GROSS
DIRECTOR OF FINANCIAL MANAGEMENT

# उदाहरण: कर छूट पत्र

## संगठन का प्रमाण-पत्र

केवल गैर-लाभकारी संस्थाओं के लिए



INTERNAL REVENUE SERVICE
P. O. BOX 2508
CINCINNATI, OH 45201

DEPARTMENT OF THE TREASURY

Date: SEP 26 2016

MIDDLE TREE
PO BOX 1643
CLAREMONT, CA 91711

Employer Identification Number:
47-3525937
DLN:
17053231320026
Contact Person:
RENEE RAILEY NORTON ID# 31172
Contact Telephone Number:
(877) 829-5500
Accounting Period Ending:
December 31
Public Charity Status:
170(b)(1)(A)(vi)
Form 990/990-EZ/990-N Required:
Yes
Effective Date of Exemption:
March 16, 2015
Contribution Deductibility:
Yes
Addendum Applies:
No

Dear Applicant:

We're pleased to tell you we determined you're exempt from federal income tax under Internal Revenue Code (IRC) Section 501(c)(3). Donors can deduct contributions they make to you under IRC Section 170. You're also qualified to receive tax deductible bequests, devises, transfers or gifts under Section 2055, 2106, or 2522. This letter could help resolve questions on your exempt status. Please keep it for your records.

Organizations exempt under IRC Section 501(c)(3) are further classified as either public charities or private foundations. We determined you're a public charity under the IRC Section listed at the top of this letter.

If we indicated at the top of this letter that you're required to file Form 990/990-EZ/990-N, our records show you're required to file an annual information return (Form 990 or Form 990-EZ) or electronic notice (Form 990-N, the e-Postcard). If you don't file a required return or notice for three consecutive years, your exempt status will be automatically revoked.

If we indicated at the top of this letter that an addendum applies, the enclosed addendum is an integral part of this letter.

For important information about your responsibilities as a tax-exempt organization, go to www.irs.gov/charities. Enter "4221-PC" in the search bar to view Publication 4221-PC, Compliance Guide for 501(c)(3) Public Charities, which describes your recordkeeping, reporting, and disclosure requirements.

# कैलिफ़ोर्निया कार्यक्रम स्थल अनुदान कार्यक्रम (CALIFORNIA VENUES GRANT PROGRAM)

यह कार्यक्रम कैलिफ़ोर्निया राज्य द्वारा वित्तपोषित है और CalOSBA द्वारा प्रशासित है।




## आवेदन करने के लिए युक्तियां

# युक्ति #1: अपने NAICS कोड की समीक्षा करें

पात्र आवेदक निम्नलिखित उत्तर अमेरिकी उद्योग वर्गीकरण प्रणाली (North American Industry Classification System - NAICS) या छूट-प्राप्त इकाइयों के राष्ट्रीय वर्गीकरण (National Taxonomy of Exempt Entities - NTEE) संहिता जो पृष्ठ 5-6 पर सूचीबद्ध है में से किसी एक में शामिल होना होगा।

अपने NAICS कोड की समीक्षा करने के लिए, यहां जाएं: https://www.naics.com/search/.



# युक्ति #2: एक मान्य ईमेल पते का उपयोग करें

**कृपया सुनिश्चित करें कि आप एक मान्य ईमेल पते का उपयोग कर रहे हैं और आवेदन में इसकी वर्तनी सही है।**

- आपके आवेदन के लिए अपडेट और अतिरिक्त मार्गदर्शन आपके द्वारा प्रदान किए गए ईमेल पते पर भेजे जाएंगे। कुछ ईमेल पतों को Lendistry के सिस्टम में पहचाना नहीं जा सकता है और आपके आवेदन के संबंध में संचार में देरी हो सकती है।

**यदि आपने अपने आवेदन में गलत या अमान्य ईमेल पता का उपयोग किया है, तो अपनी जानकारी अपडेट करने के लिए कृपया हमारे कॉल सेंटर से, सोमवार से शुक्रवार सुबह 7:00 बजे से शाम 5:00 बजे PST के बीच (888) 984-1173 नंबर पर संपर्क करें।**

एक नया आवेदन जमा न करें। एक से अधिक आवेदन जमा करना संभावित धोखाधड़ी के रूप में पहचाना जा सकता है और आपके आवेदन की समीक्षा प्रक्रिया को बाधित कर सकता है।

## अमान्य ईमेल पते

हमारी सिस्टम में निम्नलिखित ईमेल पतों को स्वीकृति या मान्यता नहीं दी जाएगी:

Info@
से *शुरू* होने वाले ईमेलउदाहरण: info@mycompany.com

@contact.com या @noreply.com के साथ *समाप्त* होने वाले ईमेल
उदाहरण: mycompany@contact.com
उदाहरण: mycompany@noreply.com

# युक्ति #3: अपने दस्तावेज़ को PDF प्रारूप में तैयार करें

**सभी आवश्यक दस्तावेज पोर्टल पर <u>केवल PDF प्रारूप में ही</u> अपलोड किए जाने चाहिए।** अपलोड करते समय दस्तावेज़ स्पष्ट, सीधे संरेखित होने चाहिए, और कोई विघटनकारी पृष्ठभूमि नहीं होनी चाहिए।

दस्तावेज़ अपलोड करने के लिए महत्वपूर्ण नोट:

1. सभी दस्तावेज़ों को PDF फ़ॉर्मेट में प्रस्तुत करना होगा।सभी दस्तावेज़ PDF प्रारूप में प्रस्तुत किए जाने चाहिए (सरकार द्वारा जारी ID, PDF या JPEG के रूप में प्रस्तुत किए जा सकते हैं)।
2. फ़ाइल का आकार 15MB से कम होना चाहिए।
3. फ़ाइल नाम में कोई विशेष वर्ण नहीं हो सकते (!@#$%^&*()_+).
4. यदि आपकी फ़ाइल पासवर्ड द्वारा सुरक्षित की गई है, तो आपको इसे दर्ज करना होगा।

**क्या आपके पास स्कैनर नहीं है?**

हम एक नि:शुल्क मोबाइल स्कैनिंग ऐप डाउनलोड करने और उपयोग करने की अनुशंसा करते हैं।

**Genius स्कैन**

Apple | डाउनलोड करने के लिए यहां क्लिक करें


Android | डाउनलोड करने के लिए यहां क्लिक करें

**Adobe स्कैन**

Apple | डाउनलोड करने के लिए यहां क्लिक करें


Android | डाउनलोड करने के लिए यहां क्लिक करें

**नमूना: सही अपलोड**





दस्तावेज़ स्पष्ट और सीधा संरेखित है।

**नमूना: गलत अपलोड**




1




2

1. दस्तावेज़ सीधा संरेखित नहीं है।
2. दस्तावेज़ विन्डो के सामने है (व्यस्त पृष्ठभूमि) और तस्वीर में एक हाथ दिखाई दे रहा है।

# युक्ति #4: Persona (पर्सोना) को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए सर्वोत्तम अभ्यासों की समीक्षा करें

**Persona क्या है?**

Persona एक तृतीय-पक्ष प्लेटफ़ॉर्म है जिसका उपयोग Lendistry द्वारा अपनी धोखाधड़ी रोकथाम और शमन प्रक्रिया में किया जाता है। Persona का प्लेटफॉर्म Lendistry को किसी व्यक्ति की पहचान सत्यापित करने और व्यक्ति की सेल्फी को उनके ID फोटो से 3-बिंदु मिश्रितर और बायोमेट्रिक लाइवनेस जांच द्वारा स्वचालित रूप से तुलना करके पहचान में धोखाधड़ी से बचाने में सक्षम बनाता है।

- आवेदकों को Persona का उपयोग करते हुए अपनी वैध सरकार द्वारा जारी फोटो पहचान पत्र की एक तस्वीर अपलोड करके अपनी पहचान सत्यापित करने की आवश्यकता होगी।
    - सरकार द्वारा जारी स्वीकार्य फोटो पहचान-पत्र में शामिल हैं:
    - ड्राइवर का लाइसेंस
    - यूनाइटेड स्टेट्स पासपोर्ट; और
    - स्टेट पहचान-पत्र

- आवेदक को फ्रंट-फेसिंग कैमरा वाले डिवाइस का उपयोग करते हुए एक सेल्फी लेने की भी आवश्यकता होगी।

## Persona (पर्सोना) को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए सर्वोत्तम अभ्यासों

1. आपकी ओर उन्मुख कैमरा वाले उपकरण का उपयोग करें। यदि आप ऐसे लैपटॉप या कंप्यूटर पर अपने आवेदन पर काम करते हैं जिसमें कैमरा नहीं है, तो किसी भी समय “किसी अन्य डिवाइस पर जारी रखें” पर क्लिक करके और दिए गए QR कोड को स्कैन करके या SMS या ईमेल द्वारा अनुरोध करके, एक मोबाइल डिवाइस का उपयोग करके पर्सोना को पूरा करने का विकल्प दिया जाएगा।
    - जब आप अपने मोबाइल डिवाइस पर पर्सोना पूरा कर लेते हैं, तो आप स्वचालित रूप से अपने लैपटॉप या कंप्यूटर पर अपने आवेदन पर वापस भेजे जाएँगे।

2. सुलभता के लिए, पर्सोना आरंभ करने से *पहले* सरकार द्वारा जारी अपने पहचान पत्र के आगे और पीछे की तस्वीर लें और इसे उस डिवाइस पर सहेजें जिसका आप अपनी सेल्फ़ी लेने के लिए उपयोग करेंगे।
    - सरकार द्वारा जारी आपके पहचान पत्र को एक सादी सफेद सतह पर रखें और पर्याप्त रोशनी का उपयोग करें।
    - फ़्लैश का उपयोग न करें क्योंकि इससे अधिक प्रकाश हो सकता है।


3. अपनी सेल्फ़ी लेते समय, अपने चेहरे की ओर पर्याप्त प्रकाश का उपयोग करें, और पीछे से तेज प्रकाश के स्रोतों से बचें।
    - किसी खाली दीवार या दरवाजे के सामने खड़े हों और अस्त-व्यस्त पृष्ठभूमि से बचें।
    - फ़्लैश का उपयोग न करें क्योंकि इससे अधिक प्रकाश हो सकता है।


*अगले पृष्ठ पर जारी।*

# Persona को कैसे पूर्ण करें

## चरण 1


"**सत्यापन आरंभ करें**," पर क्लिक करें, और फिर सरकार द्वारा जारी पहचान पत्र के प्रकार का चयन करें जिसका आप अपनी पहचान सत्यापित करने के लिए उपयोग करेंगे।





## चरण 2

अपने पहचान पत्र के आगे की ओर का चित्र लें या अपलोड करें। जारी रखने के लिए "इस फ़ाइल का उपयोग करें" चुनें। इस चरण को पूरा करने के लिए सर्वोत्तम अभ्यासों के लिए पृष्ठ 26 देखें।









*अगले पृष्ठ पर जारी।*

# Persona को कैसे पूर्ण करें

## चरण 3


अपने पहचान पत्र के **पीछे** की ओर का चित्र लें या अपलोड करें। जारी रखने के लिए “इस फ़ाइल का उपयोग करें” चुनें। इस चरण को पूरा करने के लिए सर्वोत्तम अभ्यासों के लिए पृष्ठ 26 देखें।





## चरण 4

आपकी ओर उन्मुख कैमरा वाले उपकरण का उपयोग करते हुए, स्क्रीन पर संकेत का पालन करते हुए आगे, बाएँ और फिर दाएँ देखकर एक सेल्फ़ी लें। इस चरण को पूरा करने के लिए सर्वोत्तम अभ्यासों के लिए पृष्ठ 26 देखें। पूरा हो जाने पर, "संपन्न" चुनें और आपको आवेदन पर वापस भेज दिया जाएगा।



# युक्ति #5: Google Chrome का उपयोग करें

सर्वोत्तम उपभोक्ता अनुभव के लिए, कृपया संपूर्ण आवेदन प्रक्रिया दौरान Google Chrome का उपयोग करें।

अन्य वेब ब्राउज़र हमारे इंटरफ़ेस का समर्थन न भी करें और आपकी ऐप्लिकेशन में त्रुटियां उत्पन्न कर सकते हैं।

यदि आपकी डिवाइस में Google Chrome नहीं है, आप इसे https://www.google.com/chrome/ से निःशुल्क डाउनलोड कर सकते हैं।

आपके द्वारा आवेदन आरंभ करने से पहले, कृपया Google Chrome पर निम्नलिखित कार्य करें:

1. **कैश मेमरी को साफ करें**
2. **इन्कॉग्नीटो मोड का उपयोग करें**
3. **पॉप-अप ब्लॉकर को अक्षम करें**

## कैश मेमरी को साफ करें

कैश किया गया डेटा वह जानकारी होती है जो पूर्व में उपयोग की गई वेबसाइट या ऐप्लिकेशन से स्टोर की जाती है और प्राथमिक रूप से आपकी जानकारी को ऑटो-पॉप्युलेट करके ब्राउज़िंग प्रक्रिया में तेज़ी लाने के लिए उपयोग की जाती है। तथापि, कैश किए गए डेटा में पुरानी जानकारी, जैसे कि, पुराने पासवर्ड या आपके द्वारा पहले ग़लत दर्ज की गई जानकारी भी सम्मिलित हो सकती है। यह आपके आवेदन में त्रुटियां उत्पन्न कर सकता है और इसके कारण संभावित धोखाधड़ी के लिए फ़्लैग किया जा सकता है।

## इन्कॉग्नीटो मोड का उपयोग करें

इन्कॉग्नीटो (अज्ञात) मोड आपको निजी रूप से जानकारियां प्रविष्ट करने में समर्थ बनाता है और आपके डेटा को याद रखे जाने या कैश किए जाने से रोकता है।

## पॉप-अप ब्लॉकर को अक्षम करें


हमारी ऐप्लिकेशन में कई पॉप-अप संदेश सम्मिलित हैं जिनका उपयोग आपके द्वारा प्रदान की गई जानकारी की सटीकता की पुष्टि करने के लिए किया जाता है। आपको यह संदेश देखने के लिए Google Chrome पर पॉप-अप ब्लॉकर को अक्षम करना होगा।

*अगले पृष्ठ पर जारी।*

# अपना कैश कैसे साफ़ करना है


## चरण 1

एक नई Google Chrome विंडो खोलें, ऊपरी दाएं कोने में तीन बिंदुओं पर क्लिक करें, और फिर **"सेटिंग"** पर जाएं।





## चरण 2

**"गोपनीयता और सुरक्षा"** पर जाएं, और फिर **"ब्राउज़िंग डेटा साफ़ करें"** चुनें।




## चरण 3

**"डेटा साफ़ करें"** चुनें।





*अगले पृष्ठ पर जारी।*

# इन्कॉग्नीटो मोड का उपयोग कैसे करना है


## चरण 1

अपने वेब ब्राउज़र के ऊपरी दाएं कोने में तीन बिंदुओं पर क्लिक करें, और फिर **“नई इन्कॉग्नीटो विंडो”** चुनें।




## चरण 2

आपका ब्राउज़र एक नई Google Chrome विंडो खोलेगा। कृपया समस्त आवेदन प्रक्रिया दौरान इन्कॉग्नीटो मोड का उपयोग करें।





*अगले पृष्ठ पर जारी।*

# पॉप-अप ब्लॉकर को कैसे अक्षम करना है


## चरण 1

एक नई Google Chrome विंडो खोलें, ऊपरी दाएं कोने में तीन बिंदुओं पर क्लिक करें, और फिर **"सेटिंग"** पर जाएं।





## चरण 2

“**गोपनीयता और सुरक्षा**” पर जाएं, और फिर “**साइट सेटिंग**” चुनें।




## चरण 3

“**पॉप-अप और रीडायरेक्ट्स**” को चुनें। बटन पर क्लिक करें ताकि वह नीला हो जाए और उसकी स्थिति “**अवरुद्ध**” से “**अनुमत**” में बदल जाए।



कैलिफ़ोर्निया कार्यक्रम स्थल अनुदान कार्यक्रम (CALIFORNIA VENUES GRANT PROGRAM)

यह कार्यक्रम कैलिफ़ोर्निया राज्य द्वारा वित्तपोषित है और CalOSBA द्वारा प्रशासित है।



# समीक्षा प्रक्रिया

# समीक्षा प्रक्रिया

## मुझे कैसे पता चलेगा कि मुझे अनुदान दिया गया था?

इस कार्यक्रम के लिए आवेदन प्रक्रिया में सत्यापन के कई चरण शामिल हैं। अनुदान के लिए विचार किए जाने के लिए आपको पहले कार्यक्रम की न्यूनतम पात्रता आवश्यकताओं को पूरा करना होगा। **महत्वपूर्ण नोट: न्यूनतम पात्रता आवश्यकताओं को पूरा करना अनुदान पुरस्कार की गारंटी नहीं देता है।**

जब आपका इस कार्यक्रम के लिए पात्र होना निर्धारित हो जाता है, तो आपका आवेदन यह निर्धारित करने के लिए अंतिम सत्यापन के माध्यम से गुजरेगा कि क्या आपको वित्तपोषण के लिए स्वीकृत या अस्वीकार किया गया है। इस सत्यापन प्रक्रिया के भाग के रूप में, **आपको कुछ जानकारी की टेलीफ़ोन पर लाइव पुष्टि करने की आवश्यकता होगी**। इस प्रक्रिया को पूरा करने के लिए Lendistry की टीम का एक सदस्य आपसे प्रत्यक्ष संपर्क करेगा।

जब आपका आवेदन पूरी तरह से सत्यापित हो जाता है, तो आपको Lendistry से एक ईमेल प्राप्त होगा जो आपको सूचित करेगा कि क्या आपको अनुदान वित्तपोषण के लिए स्वीकृत या अस्वीकार कर दिया गया है।

## मैं अपने आवेदन की स्थिति की जांच कैसे करूं?

आप किसी भी समय आपके द्वारा पंजीकृत उपयोगकर्ता नाम, पासवर्ड और मोबाइल नंबर का उपयोग करके Lendistry के पोर्टल में साइन इन करके अपने आवेदन की स्थिति की जांच कर सकते हैं। साइन इन करने के बाद, यह स्थिति डैशबोर्ड पर दिखाई देगी।

**Lendistry के पोर्टल में यहां साइन इन करें:**
canppa.mylendistry.com/landing

## मेरे दस्तावेज़ और बैंक जानकारी पूरी तरह से मान्य हो गई है और मुझे वित्तपोषण के लिए स्वीकृति मिल गई है। मुझे वित्तपोषण कब प्राप्त होगा?

जब आपका आवेदन पूरी तरह से सत्यापित और अनुदान वित्तपोषण के लिए स्वीकृत हो जाता है, तो आपका अनुदान अनुबंध और W-9 फ़ॉर्म आपको Lendistry के पोर्टल में एक **DocuSign दस्तावेज़** के रूप में उपलब्ध हो जाएगा। कृपया साइन इन करें और दोनों दस्तावेज़ों पर लघु हस्ताक्षर, हस्ताक्षर और दिनांकित करने के लिए DocuSign से प्राप्त निर्देशों का पालन करें।

**Lendistry के पोर्टल में यहां साइन इन करें:**
canppa.mylendistry.com/landing

**महत्वपूर्ण नोट: आपकी धनराशि तब तक जारी नहीं की जाएगी जब तक यह पूरा नहीं हो जाता।**

# कैलिफ़ोर्निया कार्यक्रम स्थल अनुदान कार्यक्रम (CALIFORNIA VENUES GRANT PROGRAM)

यह कार्यक्रम कैलिफ़ोर्निया राज्य द्वारा वित्तपोषित है और CalOSBA द्वारा प्रशासित है।

## कॉल सेंटर

**888-984-1173**

**सोमवार - शुक्रवार**

**सुबह 7:00 – शाम 7:00 बजे PST**

त्वरित लिंक्स:

कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण

परिभाषाएं

अपात्र व्यवसाय

निधि के पात्र उपयोग

आवश्यक दस्तावेज़

आवेदन प्रमाणन को कैसे पूर्ण करें

आवश्यक दस्तावेज़ों के उदाहरण

आवेदन करने के लिए युक्तियां

समीक्षा प्रक्रिया

